# न्यायालय
# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी–बाडमेर
**(पीठासीन अधिकारी –केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)**

प्रार्थना पत्र सं.:– 2022/400 (224/22) दर्ज तिथिः–16.12.2022

1. जेताराम पुत्र देदाराम
2. आईदानराम पुत्र देदाराम
3. गोसाईराम पुत्र देदाराम
4. मदाराम पुत्र देदाराम
   प्रार्थीगण 3 व 4 नाबालिंग संरक्षक कुदरती वली माता रम्भादेवी पत्नी देदाराम कौम जाट साकिन रतनासर।
5. रम्भादेवी पत्नी देदाराम
6. पोकर पुत्र दलाराम
   कौम जाट साकिन रतनासर तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

– प्रार्थीगण

**<u>बनाम</u>**

1. केसाराम वल्द खेताराम
2. सताराम वल्द खेताराम
3. वालाराम वल्द खेताराम
4. छोलाराम वल्द खेताराम
5. तीजोदेवी पत्नी खेताराम
6. गेनाराम वल्द भबूताराम
7. दूदाराम वल्द गेनाराम
   कौम जाट साकिन पाबूनाडा।
8. जेठाराम वल्द गंगाराम
9. ईमरतीदेवी पत्नी डालूराम
10. विरधाराम वल्द लालाराम
11. चूकीदेवी पत्नी मघाराम
    कौम जाट साकिन रतनासर।
12. नोनगा वल्द डूंगरा
13. रेखा वल्द कलाराम
14. लुम्बा वल्द कलाराम
15. डूंगरा वल्द कलाराम
    कौम जाट निवासी रतनासर।
16. किस्तूराराम वल्द खीयाराम

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.05.30 17:43:39 IST
Reason: SelfAttested

17. खरताराम वल्द खीयाराम
18. लिछूराम वल्द खीयाराम
19. केसी पत्नी खीयाराम
20. धर्मा वल्द करना
21. पूनमा वल्द करना
22. बाबूलाल वल्द हीराराम
23. रेखाराम वल्द हीराराम
24. विशना वल्द माला
25. सताराम वल्द पूनमाराम
26. हडुमान वल्द माला
27. गोरधनराम वल्द पूनमाराम
28. कोजाराम वल्द जोराराम
29. धूडी पत्नी माला कौम सुथार साकिन रतनासर तहसील गुढामालानी जिला बाड़मेर।
30. वलाराम वल्द मोटाराम
31. रूपोदेवी पत्नी मोटाराम
32. बालकाराम वल्द मदरूपाराम
33. रूगा वल्द प्रेमाराम
34. गेनाराम वल्द प्रेमाराम
35. ईसराराम वल्द प्रेमाराम
36. लिखमाराम वल्द प्रेमाराम
कौम रबारी साकिन रतनासर।

......................असल अप्रार्थीगण

37. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार गुडामालानी।

.............. अप्रार्थी

उपस्थित
प्रार्थी अधिवक्ताः— श्री चिमनसिंह चौधरी।
अप्रार्थीगण — एकतरफा।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128
राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956

## —:निर्णयः—

निर्णय तिथिः—30.05.2024

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128 राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 101/1/43.6493 है0, 99/0.0324 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 43.6817 हैक्टेयर वांके ग्राम रतनासार तहसील गुडामालानी जिला बाड़मेर में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्र... काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त ... आराजी से अप्रार्थीगण का कोई

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.05.30 17:43:39 IST
Reason: SelfAttested

हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार गुडामालानी के यहां प्रार्थना–पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार गुडामालानी द्वारा दिनांक 10.07.2022 को मौके पर उपस्थित होकर उक्त आराजी का सीमांकन कराकर निशानदेही कराई गई। परन्तु अप्रार्थीगण पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण मुताबिक पैमाइश रिपोर्ट दिनांक 10.07.2022 के आधार पर आराजी की पत्थरगढ़ी कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण बावजूद विधिवत तामील अनुपस्थित होने के कारण उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी। प्रकरण में तहसीलदार गुडामालानी को पत्र क्रमांक कोर्ट/2024/247 दिनांक 11.03.2024 द्वारा बिन्दुवार विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट निर्धारित चैकलिस्ट में तैयार करने हेतु लिखा गया। जिसकी पालना में पटवार हल्का सिंधासवा हरनियान ने दिनांक 28.03.2024 को मौके पर जाकर निर्धारित चैकलिस्ट में बिन्दुवार विस्तृत तथ्यात्मक तैयार कर न्यायालय हाजा में प्रस्तुत की।

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना–पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक 10.07.2022 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः–

> ***111. Decision of disputes as to boundaries**.—(1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*
>
> *(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

5. राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–128 के तहत प्रावधान किये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.05.30 17:43:39 IST
Reason: SelfAttested

जेताराम केसाराम
2022/400
निर्णय दिनांकः—30.05.2024

राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***128. Boundary disputes.*** *- All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*
>
> ***Provided that*** *applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी संवत् 2073—76 वाकै ग्राम बातों की ढाणी में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार गुडामालानी द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड वाके ग्राम बातों की ढाणी के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक 10.07.2022 से भी यह तथ्य प्रार्थीगण साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार गुडामालानी के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। सीमाज्ञान रिपोर्ट में पटवारी हल्का द्वारा मौके पर आराजी खसरा 101/1 बा.दो. को मुस्तकिल बिन्दु मानकर सीमाज्ञान किया। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा—128 भू—राजस्व अधिनियम—1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 101/1/43.6493 है0, 99/0.0324 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 43.6817 हैक्टेयर वांके ग्राम रतनासार तहसील गुडामालानी जिला बाड़मेर पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों/हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश तहसीलदार गुडामालानी को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना—अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार गुडामालानी को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.05.30 17:43:39 IST
Reason: SelfAttested

जेताराम केसाराम
2022/400

निर्णय दिनांकः—30.05.2024

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 30.05.2024 को लिखवाया जाकर सरे—इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.05.30 17:43:39 IST
Reason: SelfAttested

जेताराम केसाराम
2022/400
निर्णय दिनांकः—30.05.2024

सत्यमेव जयते

# न्यायालय
# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी—बाडमेर
(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र सं.:— 2022/400 (224/22) दर्ज तिथिः—16.12.2022
निर्णय दिनांकः—20.05.2024

**प्रार्थीगण** **बनाम** **विप्रार्थीगण**

**जेताराम वगैरा** **केसाराम वगैरा**

प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 रा.भू.रा. अधिनियम 1956

**—:: आदे"1 ::—**

उपरोक्त प्रकरण में खसरा संख्या 101/1/43.6493 है0, 99/0.0624 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 43.6817 हैक्टेयर वांके ग्राम रतनासार तहसील गुडामालानी जिला बाड़मेर की भूमि के चारों तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबंदी करने हेतु तहसीलदार गुडामालानी को आदेश दिये जाते हैं।

उपरोक्तानुसार नेखमबंदी कर पालना रिपोर्ट 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावें। आवश्यकता होने पर सम्बन्धित पुलिस थाना से पुलिस ईमदाद प्राप्त करें।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

कमांकः वाद/2024/ दिनांक :
प्रतिलिपि :
1. तहसीलदार गुड़ामालानी।
2. थानाधिकारी गुड़ामालानी।
3. भू—अभिलेख निरीक्षक **नगर।**
4. हल्का पटवारी....**नगर..** को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबंदी कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.05.30 17:43:39 IST
Reason: SelfAttested